

72 SHARES 1.2k VIEWS

**Pcmc News चिंचवड़(व्हीएसआरएस न्यूज)** साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के कारण आज साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना बेहद ज़रूरी हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कमला एजुकेशन सोसाइटी,चिंचवड़ द्वारा संचालित प्रतिभा कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड कंप्यूटर स्टडीज़,क्विक हील फ़ाउंडेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा नामक संस्था के सचिव डॉ.दीपक शाह की पहल पर एक साइबर जागरूकता अभियान चला रहा है। इसमें प्रतिभा कॉलेज के छात्रों ने पिंपरी चिंचवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों और पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्रदान करके जागरूकता पैदा की और साइबर विभाग के पुलिस अधिकारियों से मार्गद प्राप्त किया।